तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राकेश भाटी **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353678815404958	
11/09/25	अपीलार्थी राकेश भाटी निवासी 167, सेवा सदन स्कूल के पास, कागा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 25.07.2025 को महाराज प्रहलाद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट को ग्राम माणकलाव तहसील जोधपुर में खसरा संख्या 516/4 की भूमि का आवंटन हुआ, उक्त आवंटन संबंधित फाइल में से कलक्टर महोदय द्वारा माह फरवरी 2006 में प्राप्त पत्रों की नकल एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 912 दिनांक 29.08.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा कार्यालय जिला कलक्टर जोधपुर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी द्वारा आवेदन पत्र में पत्र क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख नही किया गया है तथा आवंटन आदेश क्रमांक व दिनांक का भी उल्लेख नही है, आवेदन में विशिष्टियां अंकित नही होने से सूचना उपलब्ध करवाई जाना संभव नही है, पत्र दिनांक 22.08.2025 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित किया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.[illegible]:43:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
17721744